QP CODE: 22102240

22102240

Reg No : ....

Name : ....

UNDER GRADUATE (CBCS) REGULAR / IMPROVEMENT / REAPPEARANCE EXAMINATIONS, JULY 2022

First Semester

Common Course - HN1CCT04 - HINDI - POETRY AND ONE ACT PLAY

Common for all Model II B.A & B. Sc Programmes (Regular : 2021 Admissions), Model II B.Sc Programmes (Improvement : 2020 Admission Only & Reappearance : 2017 - 2020 Admissions)

EC22C99F

Time: 3 Hours | Max. Marks : 80

Part A

*Answer any **ten** questions.*

*Each question carries **2** marks.*

1. कबीर की प्रामाणिक रचना कौन सी है ? उसके कितने भाग है ?
2. रहीम का पूरा नाम क्या है ? वे किन किन भाषाओं के विद्वान थे ?
3. प्रतिबिम्ब कविता का वर्ण्य विषय क्या है ?
4. पानी भीतर फूल किसकी रचना है ? यह किस विधा की रचना है ?
5. खौफनाक समय के बच्चे किसकी कविता है ? इसमें वर्णित विषय क्या है ?
6. बच्चे माँ से क्या प्रश्न पूछते है ?
7. आचार्य देवेन्द्रनाथ शर्मा के दो एकांकी संकलनों के नाम लिखिए।
8. शाहजहाँ के आँसू किस ऐतिहासिक घटना पर आधारित है ? यह किस विधा की रचना है ?
9. मकड़ी का जाला' किसकी रचना है ? लेखक की प्रारंभिक एकांकियाँ किस पत्रिका में प्रकाशित हुए थे ?
10. छायामूर्ति किस एकाँकी का पात्र है ? उसका लेखक कौन है ?
11. रोशन क्यों दूसरी शादी नहीं करना चाहता है ?
12. चाँद क्यों चकोरी के घर आए ?

(10×2=20)

Part B

*Answer any **six** questions.*

*Each question carries **5** marks.*

13. बिपति भए धन ना रहे, रहे जो लाख करोर।
नभ तारे छिपि जात हैं, ज्यों रहीम भए भोर ।। सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

14. प्रतिबिंबित शशि को पाकर
मुस्कानों में गाकर उससे
क्रीडा करती थी मन में। सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

15. वे रास्ते महान है जो पत्थरों से भरे हैं/मगर जो हमें सूरजमुखी के खेतों तक ले जाते हैं - इन पंक्तियों में कवि ने प्रकृति और मानव जीवन को किस तरह सम्मेलित किया है ?

16. छोटी बेटियों का नमन क्यों करना चाहिए ?

17. पिता कर्फ़्यू कहाँ से आता है/कितनी अच्छी चीज़ है यह कर्फ़्यू / हमें स्कूल नहीं जाना पड़ता और तुम्हें काम पर - व्याख्या कीजिए।

18. "फासिल उस मिट्टी का नहीं बना है,जो एक अदना सी ठोकर लगते टूट जाती है" फ़सील कौन है ? यह किसने किससे कहा ? संदर्भा व्यक्त कीजिए।

19. "बहाव रुकने पर झील बन जाता है जो किसी-न-किसी दिन बांध को तोड़-फोड़कर फिर बह निकलता है" किसने किससे कहा ? संदर्भ व्यक्त कीजिए।

20. शादी, शादी ,शादी, क्या शादी ही दुनिया में सब कुछ है ? घर में बच्चा मर रहा है और तुम्हें शादी की पड़ी है।' (क) किसका कथन है ? (ख) किस एकांकी से है ? एकांकीकार कौन है? (ग) सन्दर्भ क्या है ?

21. 'पिताजी ,घर चलकर चाहे जितना मार लीजिएगा ,यहाँ तो कविता कर लेने दीजिए।' (क) किसका कथन है ? (ख) किस एकांकी से है ? एकांकीकार कौन है? (ग) सन्दर्भ क्या है ?

(6×5=30)

Part C

*Answer any **two** questions.*

*Each question carries **15** marks.*

22. निरंतर संघर्ष ही जीवन का सार है - जो कुरुक्षेत्र पार करते हैं कविता के संदर्भ में इस कथन का समर्थन कीजिए।

23. खौफनाक समय के बच्चे' पाठ के आधार पर समकालीन बच्चों के मनस्थिति के बदलाव पर निबंध लिखिए।

24. शाहजहाँ के आँसू एकाँकी की कथावस्तु लिखिए ।

25. एकांकी कला की दृष्टि से शादी की बात एकांकी की समीक्षा कीजिए।

(2×15=30)